## ग्राम महगवां में दिन दहाड़े हुई चोरी की वारदात के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

# पुत्र ही निकला मास्टर माइंड, दोस्तों के साथ मिल कर की थी चोरी, 8 लाख रूपए के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

ग्राम महगवां में 3 मार्च को दिन के समय सूने घर में हुई चोरी की वारदात के मामले में स्लीमनाबाद पुलिस ने चोरो को गिरफ्तार कर लिया गया। चोरो के पास से करीब 8 लाख रुपये का मशरुका बरामद किया गया है। एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया कि उक्त चोरी के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा व अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन में थाना स्लीमनाबाद प्रभारी एवं टीम द्वारा दिन के समय सूने घर मे चोरी करने बाले चोरो को गिरफ्तार कर करीब 8 लाख रुपये का मशरुका बरामद किया गया। चोरी की घटना में शामिल चार आरोपियों को पकड़ा गया।

थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने बताया कि 3 मार्च को जगदेव प्रसाद हल्दकार पिता कंछेदी लाल हल्दकार 50 साल निवासी ग्राम महगंवा ने रिपोर्ट किया कि गांव में ही छोटे भाई वासुदेव हल्दकार के घर मे होली की पूजा करने घर मे ताला लगाकर गये थे। पूजा करने के बाद वापस करीब 2 बजे पूरे परिवार के साथ घर आया तो देखा कि घर का



दरवाजा खुला हुआ था। कमरा का ताला टुटा हुआ था और दरवाजा खुला हुआ था। कमरे मे रखी आलमारी एवं बिस्तर पेटी खुली हुई थी। बिस्तर पेटी के अंदर रखा डिब्बा देखे जो नही मिला जिसमे मेरी पत्नी एवं लडकी के सोने चांदी के पुराने इस्तेमाली जेवर रखे हुये थे डिब्बा मे पुराने इस्तेमाली जेवर चार जोडी सोने की झुमकी, गले का हार, सोने के कंगन, पेंडल, दो चेन सोने के, कान के फूल, लाकेट, अंगुठी, नथनी, चांदी का हाफ करधन, चांदी की पायले, खुचना, चांदी की बिछिया, चांदी के छल्ला, चांदी की अंगुठी एवं नगदी 10 हजार रुपये रखे हुये थे जो कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है।

फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान संदेही दीपक उर्फ दीपू पिता जगदेव प्रसाद हल्दकार 27 साल निवासी ग्राम महगंवा, अर्पित उर्फ राज पिता महेश हल्दकार 22 साल निवासी ग्राम महगंवा, जगमोहन उर्फ मोहन उर्फ मन्जा पटेल पिता धीरज पटेल 27 साल निवासी ग्राम पडरभटा, पवन उर्फ मरहरण कोल पिता सुनील कोल 19 साल निवासी ग्राम महगंवा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो आरोपी द्वारा अपना जुर्म घटित करना स्वीकार किया।

आरोपीगणो के कब्जे से एक सोने की पंचाली हार, एक सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, दो जोडी सोने की झुमकी, एक जोडी सोने के कंगन लाख पट्टी, आठ जोडी चांदी की पायल छोटी बडी, दो अंगूठी चांदी की, एक चांदी का करधन, दो चांदी के खुसना, दो चांदी की हाथ मेंहदी, 37 नग बिछिया चांदी की, एक सोने की अंगूठी, दो जोडी चांदी की बडी पायल, सोने के चार नग लोंग, सोने के तीन नग नथ, दो चांदी की चेन, एक सोने का हार, एक जोडी सोने की झुमकी, एक सोने की हाय कुल कीमती 7 लाख 94 हजार रुपये बरामद कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद निरी सुदेश कुमार समन, उनि काशीराम झारिया, सउनि जुबेर अली,प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर पटेल, आरकक्ष आशीष पटेल, दीपक यादव, लखन पटेल, अचल कुमार की सराहनीय भूमिका रही!



## चार जनपद पंचायतों में 42 लाख से अधिक की वित्तीय अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बुधवार को चार जनपद पंचायतों की आठ ग्राम पंचायतों की वित्तीय अनियमितता के प्रकरणों में एक-एक कर सुनवाई कर उनका पक्ष अत्यंत धैर्यपूर्वक सुना एवं विधि संगत आवश्यक कार्रवाई हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

### इन प्रकरणों में की सुनवाई

सुश्री कौर ने जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत लखनवारा,बाकल एवं कौड़ियां, जनपद पंचायत बड़वारा की भुड़सा एवं बनगवां, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत सलैया और जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत बांध एवं जिरी के निर्माण कार्यों में की गई वित्तीय अनियमितता, अमृत सरोवर, नवीन तालाब ,सीसी रोड गुणवत्ताहीन कार्यों, आवास योजना, स्ट्रीट लाइट, विकास कार्यों में भ्रष्टाचार आदि के मामलों में 42 लाख 95272 रूपयों,वसूली योग्य राशि के संबंध में ग्राम पंचायतों के पक्ष को सुनकर उचित वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित करने हेतु रीडर शाखा के प्रभारी अधिकारी पंकज नामदेव को निर्देश दिए।

अनुपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच ,सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। सुनवाई की। इस दौरान ग्राम पंचायतों के तत्कालीन एवं वर्तमान सरपंच,सचिव, ग्राम रोजगार सहायक,सहायक यंत्री ,उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 14 मार्च को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये एक ही छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार 14 मार्च बरही के विजयनाथ धाम मेला प्रांगण में प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक जिलास्तरीय एकदिवसीय रोजगार रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी. के. पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र, शासकीय नोडल आईटीआई कटनी तथा मप्र राज्य डे ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। मेले के द्वारा जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी। साथ ही उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिये लोन भी उपलब्ध कराया जावेगा। इसके अलावा जिले व जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप में भी बेरोजगार आवेदकों को भेजा जावेगा ।

### राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में कटनी से शामिल हुई प्रभा और काजल

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर बुधवार को दिल्ली में आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन समारोह में जनपद पंचायत बड़वारा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा तेकाम और विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत तेवरी की युवा सरपंच सुश्री काजल रजक शामिल हुई। द्वय प्रतिभागियों ने महिलाओं के सामाजिक,आर्थिक,सांस्कृतिक, महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के लिए के लिए प्रस्तुतीकरण दिया। समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और भूमिका को लेकर पक्ष रखा। अवगत होवे कि पंचायत राज संचालनालय भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश राज्य से एक बीकन लीडर सहित 15 निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों एवं 10 अधिकारियों कर्मचारियों को एक दूसरी राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन समारोह में उपस्थित होने हेतु नामांकित किया गया है।

### कृषकों को 1165 करोड़ से अधिक का हुआ भुगतान

**कटनी।** विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान उपार्जन में जिले के 58 हजार 700 किसानों को 1165 करोड़ 35 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस वर्ष धान उपार्जन की प्रक्रिया 1 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 20 जनवरी 2026 तक चली। जिले में कुल 4 लाख 94 हजार 46 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। यह मात्रा पिछले वर्ष हुई कुल खरीदी का लगभग 120 प्रतिशत है। इस वर्ष कुल 62 हजार 588 किसानों ने समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु अपना पंजीयन कराया था, जिनमें से 58 हजार 875 किसानों ने अपनी उपज केंद्रों पर बेची। भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 369 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था।

### नेगई में गौशाला बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत

**सिलौंडी।** शासन के निर्देश पर नेगाई में गौशाला बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। नेगाई पंचायत ने भी नेगाई के बाहर 117 सरकारी भूमि चिन्हित कर उससे अतिक्रमण अलग कर का प्रस्ताव बनाकर सिलौंडी नायब तहसीलदार भवन भेज दिया परंतु अभी तक राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी नही सरकारी भूमि से अतिक्रमण अलग करने में रुचि नहीं दिखाई है जिसके कारण शासन के विकास कार्य प्रभावित हो रहे है क्षेत्र में आवारा पशु किसानों की फसल खराब कर रहे है। क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रयास एक विशाल गौशाला स्वीकृत हुई। शासन के नेगाइ में सरकारी भूमि चिन्हित कर पंचायत से सरकारी भूमि का प्रस्ताव मंगवाया। नेगाई पंचायत ने भी तुरंत नेगाई महाविद्यालय के पास की 117 एकड़ सरकारी भूमि का प्रस्ताव भेजते हुए । राजस्व विभाग से सरकारी भूमि से अतिक्रमण अलग करने की मांग किया।

*बहोरीबंद में किया जा रहा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य*

## 5वीं व 8वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्णता की ओर, जल्द जारी होगा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद 5 वीं 8वीं की परीक्षा संपन्न होने के बाद राज्य शिक्षा केंद्र के दिशा निर्देशानुसार 5 वीं एवं 8वीं परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी चल रहा है। बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय में शासकीय महावीर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है जहां उत्तर पुस्तिकाओ का मूल्यांकन कार्य हो रहा है। अन्य विकासखण्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बहोरीबंद मूल्यांकन केंद्र में किया जा रहा है। वही बहोरीबंद विकासखण्ड की 5 वी व 8 वी की उत्तर पुस्तिकाओं का



मूल्यांकन जिले के दूसरे विकासखण्ड में किया जा रहा है।

5वीं व 8वीं उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के विकासखण्ड मूल्यांकन समन्वयक बीआरसीसी प्रशांत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार 5 वी कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है, वही 8 वी कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी एक दो दिन में पूर्ण हो जायेगा।

मूल्यांकन कार्य पूर्ण होते ही अंकों की फीडिंग की जाएगी। मूल्यांकन कार्य पूर्ण ओर अंको की फीडिंग कार्य पूर्ण होते ही जो राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा तारीख तय की जाएगी ,उसमे 5वीं 8 वी का परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा। संभावना जताई जा रही है की जल्द ही परीक्षा परिणाम जारी हो सकता है। राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन कार्य के लिए बीआरसीसी को मूल्यांकन समन्वयक बनाया गया था।साथ ही मूल्यांकन केन्द्र में मानव संसाधन की व्यवस्था बनाई गई। जिसमें एक मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी, दो सहायक मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी, एक स्ट्रांग रूम प्रभारी, मुख्य परीक्षक नियुक्त है।जिनके द्वारा मूल्यांकन केंद्र का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

## लोक अदालत के प्रचार के लिए वाहन किया रवाना



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभांवित कराए जाने के उद्देश्य से बुधवार को विशेष न्यायाधीश अनुज कुमार मित्तल ने जिला न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि पैरालीगल वालेंटियर मयंक मिश्रा एवं मनोज बासरकर के द्वारा प्रचार वाहन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही पम्पलेट व ऑडियो क्लिप के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर आमजनों को जागरूक किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आईजी ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही विधानसभा में मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा द्वारा कार्यक्रम स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय स्कूल बरही स्थित हेलीपैड, गंगा जल संवर्धन कार्यक्रम स्थल बड़ा तालाब, रथ यात्रा कार्यक्रम स्थल, रोड शो मार्ग, मेला ग्राउंड, शासकीय प्रियदर्शनी स्थल एवं आमसभा स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। पुलिस महानिरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वीआईपी मूवमेंट, आमजन की सुविधा तथा पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित



अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराएं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, थाना प्रभारी बरही अरविंद चौबे मौजूद रहे।

### ननि ने अतिक्रमण हटाने चलाया अभियान, 11300 रूपए का स्पॉट फाइन

**कटनी।** नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा वृहद अभियान चलाया गया। आजाद चौक से झंडा बाजार, घंटाघर मार्ग, मिशन चौक से बस स्टैंड, बरगवां मुख्य मार्ग एवं माधव नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुख्य मार्गो के किनारे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों को मार्ग से अलग कर आवागमन को व्यवस्थित करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान व्यवसाईयों पर 11 हजार 300 रुपये का स्पॉट फाइन भी लगाया गया। कार्यवाही के दौरान नो पार्किंग तथा मुख्य मार्गो में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को व्यवस्थित किया जाकर आवागमन सुचारू रखने के भी प्रयास किये गए। अभियान के दौरान नगर के मुख्य मार्गो की सुंदरता एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सागर पुलिया बरगवां से बरगवां, झिंझरी होते हुए पीर बाबा तक विद्युत पोल के अनाधिकृत एवं अव्यवस्थित रूप से लगे लगभग 78 नग बैनर पोस्टर को हटाने की कार्यवाही भी की गई।

## बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र में सोलर पम्प योजना को लेकर किसानों में असमंजस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के किसानों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन किए गए हैं। योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में सोलर पंप लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, लेकिन अंश राशि को लेकर असमंजस की स्थिति के कारण योजना की क्रियान्वति प्रभावित होती नजर आ रही है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विकासखण्ड क्षेत्र के 314 किसानों ने सोलर पंप लगवाने के लिए आवेदन किए थे। इनमें से 252 किसानों ने योजना के तहत निर्धारित कृषक अंश राशि जमा करा दी है, जबकि शेष 62 किसानों द्वारा अभी तक राशि कार्यालय में जमा नहीं कराई है।

योजना के तहत किसानों को मात्र 10 प्रतिशत अंश राशि जमा करने पर 3 एचपी, 5 एचपी और 7.5 एचपी के सोलर पंप उपलब्ध कराए जाने हैं। इसके लिए किसानों से 3 एचपी पंप के लिए 20,968 रुपये, 5 एचपी पंप के लिए 30,290 रुपये तथा 7.5एचपी सोलर पंप के लिए 41,537 रुपये की राशि जमा कराई गई है।अंश राशि को लेकर किसानों में असंतोष-किसानों का कहना है कि पहले उनसे केवल 5 प्रतिशत अंश राशि जमा कराने की बात कही गई थी, लेकिन अब 10 प्रतिशत राशि जमा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इससे कई किसान अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और अंश राशि जमा कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। यही कारण है कि योजना अब तक पूरी तरह से क्रियान्वित नहीं हो सकी है।जिले में सबसे अधिक आवेदन बहोरीबंद से बताया जा रहा है कि जिले में प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत कुल 559 किसानों ने आवेदन किए थे, जिनमें से बहोरीबंद विकासखण्ड के 314 किसानों के आवेदन सर्वाधिक हैं।

### इनका कहना है

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बहोरीबंद अमर सिंह एमा का कहना है कि विकासखण्ड क्षेत्र के 314 किसानों द्वारा आवेदन दिए गए थे, जिनमें 252 किसानों ने अंश राशि जमा कराई है, जबकि शेष 62 किसानों द्वारा अभी तक राशि जमा नहीं की गई है। शेष किसानों से जल्द ही राशि जमा कराने की कार्यवाही की जा रही है।

### छात्राओं को राष्ट्रीय तथा साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

## छात्राओं को आत्मरक्षा करने आसान तरीकों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

छात्राओं को राष्ट्रीय सुरक्षा तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें वर्तमान डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ. प्रभात ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व और साइबर अपराधों की बढ़ती प्रवृत्ति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के समय में साइबर सुरक्षा व्यक्तिगत तथा राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग बन चुकी है।



मुख्य वक्ता के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया ने साइबर फ्रॉड से बचाव के व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, फेक लिंक, ओटीपी स्कैम, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के जोखिम तथा मजबूत पासवर्ड उपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. डेहरिया ने बताया कि सतर्कता और जागरूकता ही साइबर हमलों से सबसे प्रभावी बचाव है।

नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने स्वयं की सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को घर से बाहर निकलते समय, सार्वजनिक स्थानों तथा यात्रा के दौरान सतर्क रहने के तरीके बताए। उन्होंने आत्मरक्षा के सरल तकनीकों, आपातकालीन नंबरों तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की सलाह दी, जिससे महिलाएं स्वयं को सुरक्षित रख सकें। उप पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए साइबर और भौतिक सुरक्षा के बीच संबंध पर जोर दिया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रोशनी पांडेय का विशेष योगदान रहा। सहसंयोजक शिल्पी कुमारी सिंह तथा प्रकोष्ठ के अन्य सदस्यों के समन्वय और अथक प्रयासों से यह आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. अमिताभ पांडेय, के.जे. सिन्हा, बंदना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## गौसेवक को जान से मारने की धमकी, एसपी से शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गौ सेवा से जुड़े एक कार्यकर्ता को फोन कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई है, जिस पर सीएसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माधवनगर निवासी करण मिश्रा जो कि गो मां हिन्दु सेवा संगठन से जुड़े हुए हैं और जिले में निरंतर गौसेवा के कार्य करते हैं। बीती रात करीब 11:35 बजे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल नंबर 9815592908 से फोन कर धमकी दी गई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर कहा कि "तुम विश्व हिंदू परिषद के लिए



काम करते हो और कटनी में जो गौसेवा कर रहे हो उसे बंद कर दो, नहीं तो तुम्हें जान से मार दिया जाएगा।"

शिकायत के अनुसार इसके बाद भी उसी नंबर से देर रात तक कई बार फोन कर धमकियां दी गईं। साथ ही एक अन्य मोबाइल नंबर 9115456200 भी संदेश के माध्यम से भेजा गया, जिससे आगे संपर्क किए जाने की बात कही गई। इस संबंध में करण मिश्रा ने पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सौंपते हुए उक्त मोबाइल नंबरों की जांच कर धमकी देने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकरण की जांच प्रारंभ करा दी है। पुलिस द्वारा संबंधित मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटाई जा रही है तथा तकनीकी आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ. आदित्य गढ़ेवाल

**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.



आदित्य गढ़ेवाल का चयन अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज खो खो प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश दल में किया गया है। यह टीम 19 से 22 मार्च 2026 तक पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी। दिनांक 26 फरवरी को मध्यप्रदेश दल के चयन हेतु भोपाल में ट्रायल का आयोजन किया गया था जिसमें पूरे राज्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया था। जिसके बाद 15 सदस्यीय दल का चयन किया गया है। जिसमें कटनी जिले से डॉ. गढ़ेवाल का नाम भी टीम में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. गढ़ेवाल लगातार तीसरी बार उक्त प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों में नई दिल्ली में यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित हुई थी जिसमें आपने सहभागिता की थी। गौरतलब है कि डॉ. गढ़ेवाल स्कूल और कॉलेज के दिनों में खो खो के नेशनल खिलाड़ी रह चुके हैं। साथ ही आपके मार्गदर्शन में बड़वारा क्षेत्र एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले रहे हैं और खेलों के क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। महाविद्यालय परिवार ने डॉ. आदित्य गढ़ेवाल की इस उपलब्धि पर बधाई एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### छात्रावास की सामग्री के 80 हजार रुपए का भुगतान अटका

**ढीमरखेड़ा।** आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास ढीमरखेड़ा की छात्राओं के लिए खरीदी गई खाद्यान्न सहित आवश्यक सामग्री का भुगतान नहीं मिलने से पूर्व प्रभारी अधीक्षक परेशान हैं। प्रभारी द्वारा जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर भुगतान कराने की मांग की गई है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। छात्रावास की पूर्व प्रभारी अधीक्षक सुमन लता मार्को ने विभागीय अधिकारियों को दिए आवेदन में बताया कि वर्ष 2024 में नवंबर और दिसंबर माह के दौरान उन्होंने छात्रावास का संचालन किया था। इस अवधि में छात्रावास में रह रही छात्राओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न सहित अन्य आवश्यक सामग्री की खरीदी की गई थी। नवंबर माह से लेकर 4 दिसंबर तक लगभग 80 हजार रुपए की सामग्री क्रय की गई। उन्होंने बताया कि सामग्री खरीदी के बाद से ही वे लगातार विभागीय अधिकारियों को भुगतान के संबंध में शिकायत कर रही हैं, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी अब तक भुगतान नहीं हो पाया है। पूर्व प्रभारी का कहना है कि जिन दुकानदारों से सामग्री खरीदी गई थी, वे लगातार उनसे भुगतान की मांग कर रहे हैं, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने अधिकारियों से मामले की जांच कर शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है।

### हवन पूजन और भंडारा के साथ संकीर्तन का समापन



**सिलौंडी।** धनवाही के घुघरा धाम में संकीर्तन के आयोजन में अमोल खोह से बच्चू महाराज का आगमन हुआ। क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और ग्रामीणों ने मिलकर उनका स्वागत किया। बच्चू महाराज ने अपने प्रवचन में सभी को अपने जीवन में धार्मिक कार्यक्रम में सक्रिय रहना चाहिए । अपने माता पिता की सेवा करना सभी का परम कर्तव्य है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने घुघरा धाम में एक सामुदायिक भवन, धनवाही से घुघरा धाम तक पक्का मार्ग बनाने की घोषणा किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, जिला मंत्री प्रशांत राय ,सरपंच द्रोपदी बहादुर सिंह, सरपंच अनिल सिंह बागरी, सोनू दुबे , अमरेश राय ,विजय धुर्वे ,उर्मिला कुलस्ते विजय सिंह धुर्वे , मोती हल्दकार,

## अवैध कॉलोनियों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

# फायर सेफ्टी और अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्यवाही करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम सीमान्तर्गत क्षेत्रों में स्थित व्यावसायिक भवनों, ऊँची इमारतों, होटलों, अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों, शो-रूम, बारात घरों, एवं मैरिज गार्डनों में आम जन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अग्निशमन व्यवस्था के सुनिश्चयन हेतु निरीक्षण की कार्यवाही करने तथा अवैध कॉलोनियों के लंबित प्रकरणों पर शीघ्रता से विधि अनुरूप कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्ताशय के निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार को आयोजित फायर सेफ्टी एवं अवैध कॉलोनी के प्रकरणों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।



### नोटिस करें जारी, जुर्माना एवं तालाबंदी की कार्यवाही करें

नगर निगम के अग्निशमन विभाग के अंतर्गत गठित जांच समिति के सदस्यों को आमजन की सुरक्षा एवं अग्नि हादसों को रोकने की दिशा में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सदस्य सघन रूप से शहर की सभी ऊँची इमारतों, होटलों, अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों, शो-रूम, बारात घरों, एवं मैरिज गार्डनों का निरीक्षण करें और जहां भी अनिमित्ताएं पाई जाती हैं वहां तत्काल नियमानुसार नोटिस जारी कर फायर सेफ्टी उपकरण स्थापित करवाएं अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए जुर्माना एवं तालाबंदी की कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में निगमायुक्त ने नगर के स्कूलों में फायर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### अवैध कॉलोनियों में निर्मित संरचनाओं को हटाने करें कार्यवाही

शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही को अनवरत जारी रखनें के निर्देश देते हुए कहा कि अब किसी भी वार्ड में अवैध कॉलोनी विकसित न हो इस हेतु क्षेत्रीय उपयंत्री वार्डो में कड़ी नजर रखना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने पूर्व चिन्हित अवैध कॉलोनियों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिन प्रकरणों में एफ.आई.आर दर्ज होना शेष है उसमें नियमानुसार कार्यवाही करने के साथ ही निर्मित संरचाओं को हटाने की कार्यवाही करने हेतु कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया।

### जानकारी करें सार्वजनिक

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा पूर्व निर्मित अवैध कॉलोनी के प्रकरणों में की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कॉलोनियों में हो रहे नवीन निर्माण कार्य हेतु नोटिस जारी करने तथा आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवैध कॉलोनी के वार्ड, क्षेत्र, खसरा नंबर आदि की जानकारी की आम सूचना के माध्यम से सार्वजनिक करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र प्यासी, अतिक्रमण अधिकारी मानवेन्द्र सिंह, फायर निरीक्षक शैलेन्द्र प्यासी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में 23 मार्च से शुरू होगा गेहूँ उपार्जन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। 7 फरवरी से शुरू हुये पंजीयन प्रक्रिया में कटनी जिले के 52 हजार 951 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 55 पंजीयन केंद्र बनाए गए थे।

### पंजीयन में बहोरीबंद अग्रणी

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु तहसील बहोरीबंद में 10 हजार 826, ढीमरखेड़ा में 9 हजार 748 और विजयराघवगढ़ में 6 हजार 780 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी प्रकार तहसील रीठी में 5 हजार 411, बड़वारा में 5 हजार 43 और बरही में 4 हजार 87 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा तहसील कटनी नगर में 2 हजार 951 व कटनी में 2 हजार 778 किसनों ने अपना पंजीयन कराया है।

जिले में समर्थन मूल्य पर 23 मार्च से गेहूँ की खरीदी शुरू होगी। इस वर्ष 2 हजार 625 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर किसानों से गेहूँ का उपार्जन किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2 हजार 585 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है। वहीं म.प्र. सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा।

### कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन 14 को

**कटनी।** विकासखण्ड बड़वारा अंतर्गत नगर परिषद बरही के मेला ग्राउंड में 14 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के यादव के मुख्य आतिथ्य में कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, आदि विभागों को विभागीय गतिविधियो के प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाने के निर्देश दिये हैं।

**ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण**

# ग्राम की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान कर सहयोग से समाधान की दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार नवांकुर योजना अंतर्गत विकासखंड बहोरीबंद के नवांकुर संस्था आयुष जनकल्याण सेवा समिति पटना (मढ़िया) सेक्टर बाकल के अंतर्गत गठित समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केसवाल एवं विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह की उपस्थिति रही।




सेक्टर प्रभारी धनीराम लोधी द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए त्रैमासिक कार्यों की समीक्षा की गई। विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा, स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन पर आधारित प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

परामर्शदाता अवधेश बैरागी ने समग्र ग्राम विकास के लिए ग्राम पंचायत में बेसलाइन सर्वे कर ग्राम की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान कर आपसी सहयोग से उनके समाधान पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार की परंपरा हमारे पूर्वजों के समय से चली आ रही है।

आयुष जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष धनीराम लोधी द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के गठन एवं प्रबंधन विषय पर संस्था के पंजीयन, धारा 27-28, चालान एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। परामर्शदाता रामसिंह पटैल ने समितियों के दस्तावेजीकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं परामर्शदात्री उमा अवस्थी ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मंगेला के अध्यक्ष रामभरोस पटैल ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पटना के सरपंच अनंतराम ठाकुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना से डॉ. आकाश राज सोनी, एएनएम आदि की उपस्थिति रही।

## महाविद्यालय में प्राध्यापिकाओं का हुआ सम्मान



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मां सरस्वती पूजन-वंदन के बाद महाविद्यालय की महिला प्राध्यापिकाओं को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। डॉ. राजाराम सिंह ने महिलाओं से जुड़े वैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी, वहीं डॉ. श्वेता सिंह बघेल ने महिलाओं के अधिकारों के साथ उनके कर्तव्यों पर भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. हर्षित द्विवेदी एवं डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी ने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को मिल रहे अवसरों और उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. स्मिता परसाई,डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, युवराज तिवारी, जवाहर लाल चौधरी सहित शिवानी पटेल, शचि तिवारी, आंचल, काजल शर्मा, पिंकी कुम्हार, लक्ष्मी कुम्हार, पलक साहू, दुर्गा गोंड़, संदीप कुमार लोधी, रघुवीर मेहरा, सतपाल सिंह, प्रभु दयाल बर्मन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वन सुरक्षा समिति की बैठक में वन एवं जीव जंतुओं के संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

वन मंडल कटनी अंतर्गत वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के ग्राम खंदवारा में वन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान वन सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ वन संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने ग्रामीणों को वन्य प्राणियों की सुरक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि जंगलों में रहने वाले जीव-जंतुओं का संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान महुआ संग्रहण के समय पेड़ों के नीचे आग न लगाने की बात कही।



उन्होंने कहा कि महुआ के नीचे आग लगाने से जंगल में भीषण आग लगने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान हो सकता है। बैठक में जंगल क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को रोकने, अवैध गतिविधियों की सूचना समय पर देने तथा मुखबिर तंत्र को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई।

संयुक्त वन प्रबंधन समिति की भूमिका, ग्राम स्तर पर वन संरक्षण में समुदाय की भागीदारी और जंगलों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में समिति सदस्यों ने वन विभाग के साथ मिलकर जंगलों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**विकासखंड मुख्यालय पर 16 से 26 मार्च तक चलेगा अभियान**

# जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत 47 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रथम चरण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में से अब तक 47 हजार 109 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर एवं शिविर लगाकर जिले के 407 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिये 15 फरवरी तक आवेदन लिये गये थे। इस दौरान कुल 52 हजार 169 आवेदन प्राप्त हुये थे। जिनमें 45 हजार 924 आवेदन स्वीकृत हुये एवं 1 हजार 185 आवेदन अस्वीकृत हुये हैं वहीं 5 हजार 60 आवेदन निराकरण हेतु लंबित है।

### 16 मार्च तक लगेंगे शिविर

अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जा रहें हैं। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार किये जाएगें।

क्लस्टर या जोन लेवल पर शिविर लगाने हेतु समय सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन व शिकायतों का निराकरण क्लस्टर या जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण को पोर्टल पर क्लस्टर या जोन लेवल के नोडल अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जाएगा।

संकल्प से समाधान अभियान का तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा। इस चरण के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अपर आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहेंगे। इस चरण अंतर्गत ब्लॉक, नगर स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें क्लस्टर या जोन लेवल पर अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों या नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। जिन विकासखण्ड मुख्यालयों में नगर पंचायत या नगर पालिका स्थित है, उनमें सम्मिलित रूप से विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## माधवनगर में इनडोर हाल में जिला स्तरीय महिला कबड्डी आयोजित

# महिला कबड्डी में रीठी ने मारी बाजी, शील्ड-मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नवाचार अंतर्गत परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद पंचायत रीठी की बालिकाओं ने कबड्डी खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ को एक तरफा शिकस्त देते हुए विनर का खिताब जीता जबकि रनर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की टीम रही। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तत्वावधान में जिला पंचायत कटनी द्वारा माधव नगर खेल परिसर के इनडोर हाल में परंपरागत खेल महिला कबड्डी के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, सीएसपी नेहा पचीसिया, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती , प्रभारी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर शैली तिवारी एवं अन्य अधिकारियों की मौजदगी रही।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों से शिरकत करने आई टीमों से गर्म जोशी से हाथ मिलाकर परिचय लिया एवं उत्साहित करने के साथ उनकी हौसला अफजाई करते हुए कॉन्फिडेंस बढ़ाने विजेता बनने की शुभकामनाएं दी।

जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के पंजीयन में समस्त जनपद पंचायतों से आई हुई बालिकाओं ने भागीदारी की। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बहोरीबंद और बड़वारा की भिड़ंत हुई जिसमें बहोरीबंद की टीम ने जीत हासिल की। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा और विजय राघवगढ़ के बीच हुए मुकाबले में विजय राघवगढ़ ने विजय पताका फहराई। रीठी और कटनी के बीच हुए मैच में रीठी ने कटनी को पराजित किया। इस प्रकार बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ और रीठी की टीम विजेता रहीं। सेमीफाइनल मुकाबले में बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ के बीच खेले गए कबड्डी मैच में विजयराघवगढ़ ने जीत का डंका बजाते हुए नॉक आउट राउंड में प्रवेश किया। रीठी को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उच्च अंकों के आधार पर फाइनल में एंट्री मिली।

### फाइनल मुकाबला

जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में रीठी और विजयराघवगढ़ के बीच खेले गए एक तरफा मुकाबले में रीठी ने जीत हासिल करते हुए 21000 रुपए की पुरस्कार राशि जीती। जबकि 11000 की पुरस्कार राशि उपविजेता विजय राघवगढ़ को प्राप्त हुई। अच्छे खेल के आधार पर 5100 की पुरस्कार राशि से जनपद पंचायत बहोरीबंद की टीम को पुरस्कृत किया गया। जबकि 1100-1100 के तीन सांत्वना पुरस्कार कटनी, बड़वारा और ढीमरखेड़ा की टीम को दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मेहरा ने बालिका खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए ₹1000 का नगद पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से दिया। जिपं अध्यक्ष श्रीमती मेहरा ने विजेता टीम को चेक द्वारा राशि, प्रशस्ति पत्र,शील्ड, मेडल प्रदान कर पुरस्कृत और सम्मानित किया।

# लोक अदालत में करों के अधिभार में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा 14 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत शिविर का आयोजन नगर के विभिन्न पांच स्थलों में किया जाना है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम के अधिक से अधिक करदाताओं से नेशनल लोक अदालत शिविर स्थलों में पहुंचकर बकाया कर के अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

नगर के अधिक से अधिक नागरिकगण शासन द्वारा प्रदत्त इस छूट का लाभ प्राप्त कर सकें इस हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम कटनी कार्यालय सहित अन्य चार स्थलों बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाना है। लोक अदालत में करदाताओं को वर्ष 2024 - 25 की बकाया राशि के अधिभार में छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रुपये से अधिक तथा 1 लाख रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।

खबर संक्षेप

## विद्युत बिल जमा नहीं करने वालों पर विद्युत विभाग की कार्यवाही तैयार

**पन्ना।** कार्यपालन अभियंता मध्यप्रदेष पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड पन्ना के अमितेष कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया है कि माह फरवरी 2026 में कम्पनी द्वारा प्रदत्त लक्ष्य 15.87 करोड़ के विरोध में पन्ना संभाग द्वारा मात्र 4.87 करोड़ कलेक्षन करने पर कम्पनी प्रबंधन द्वारा मैदानी अधिकारी पर कार्यवाही की जा रही है। माह मार्च 2026 कम्पनी प्रबंधन द्वारा 16.27 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। जबकि पिछले वर्ष मार्च 2025 में पन्ना संभाग द्वारा 20.03 करोड़ राजस्व का संग्रहण किया गया था। वहीं माह फरवरी 2026 में राजस्व संग्रहण कम आने व कम्पनी प्रबंधन द्वारा मैदानी अधिकारी पर कार्यवाही साथ ही मार्च 2026 में अत्याधिक राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को लेकर मैदानी अधिकारी/कर्मचारियों पर दबाव बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण विद्युत विभाग के अधिकारी अब गांव-गांव कैम्प लगाकर राजस्व संग्रहण करने में जुटे है। ट्रांसफार्मर भी गांवों में जहां लम्बे समय से विद्युत बिल नहीं जमा किया जा रहा है वहां के ट्रांसफर्मार से सप्लाई भी बंद करने को लेकर उपभोक्ताओं को वितरण केन्द्र प्रभारी के द्वारा पदेन अतिरिक्त तहसीलदार के पावर का उपयोग करते हुए नोटिस जारी कर समय दिया जा रहा है। ताकि उपरोक्त समय-सीमा में राषि जमा नहीं होने पर उक्त उपभोक्ता की घर की कुर्की की कार्यवाही की जा सके। कार्यपालन अभियंता द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि वर्तमान में विद्युत उपभोक्ताओं पर 37.30 करोड राषि का बिल बकाया है।

### तेंदूखेड़ा में गूंजे जय श्रीकृष्ण के जयकारे

# कृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर के वार्ड क्रमांक 8 मै शारदा माता मंदिर के समीप आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन का आयोजन अत्यंत भावपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनते ही पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर नाचते-गाते भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां मनाते नजर आए। पूरे आयोजन स्थल पर आध्यात्मिक ऊर्जा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

कथा व्यास पंडित उमाशंकर शास्त्री ने अपने प्रवचन में सत्संग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन को श्रेष्ठ बनाने में सत्संग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि किसी कारणवश अच्छे लोगों का संग प्राप्त न हो सके तो व्यक्ति को उत्तम और प्रेरणादायक साहित्य का अध्ययन करना चाहिए। अच्छे विचार और अच्छी पुस्तकें भी मनुष्य के जीवन को निर्मल और आत्मा को शुद्ध करने का कार्य करती हैं। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। पंडित उमाशंकर शास्त्री ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अत्याचार और अन्याय का विस्तार होता है, तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। मथुरा में कंस के अत्याचारों से पीड़ित धरती की पुकार पर भगवान विष्णु ने देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन के माध्यम से धर्म की रक्षा की और अत्याचारी कंस का वध कर सत्य और न्याय की विजय का मार्ग प्रशस्त किया। जैसे ही कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन किया गया, श्रद्धालुओं ने उल्लासपूर्वक भगवान के जन्म का उत्सव मनाया। भजन-कीर्तन और जयघोषों के बीच श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। पूरा पंडाल भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो गया। कथा व्यास ने अपने प्रवचन में यह भी कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना अत्यंत सौभाग्य की बात है, लेकिन इसका वास्तविक लाभ तभी प्राप्त होता है जब हम कथा में बताए गए आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव धर्म, सेवा और परमार्थ के मार्ग पर चलना चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीराम की मर्यादा का भी उल्लेख किया और कहा कि भगवान राम ने मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर राक्षसों का संहार किया तथा पृथ्वी को भयमुक्त किया। उनके जीवन से हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा में स्वर्गीय पंडित सुरेश तिवारी जी की स्मृति में कथा श्रवण हेतु लक्ष्मी बाई, पंडित कृष्णकांत तिवारी, पंडित रमाकांत तिवारी सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पंडित महेश तिवारी, राजेश तिवारी, सचिव बलिराम तिवारी, मुकेश तिवारी, दिनेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। कथा स्थल पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से आयोजन भक्तिमय वातावरण में निरंतर आगे बढ़ रहा है और धर्म तथा आध्यात्मिकता की गंगा प्रवाहित हो रही है।

## भोमासुर वध से सुदामा चरित्र तकः भागवत कथा में गूंजा धर्म, भक्ति और मानवता का संदेश





**बनवार ।** ग्राम रियाना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पंडित श्री जागेश्वर कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और मानवता का संदेश दिया। कथा श्रवण के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव में डूबे नजर आए। कथा के दौरान पंडित शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने सत्यभामा, कालिंदी सहित अन्य रानियों से विवाह कर धर्म की स्थापना और समाज में आदर्श गृहस्थ जीवन का संदेश दिया। कथा में पृथ्वी पुत्र भोमासुर के अत्याचारों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि उसने 16 हजार 100 कन्याओं को बंदी बना रखा था। तब भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के साथ युद्ध कर भोमासुर का वध किया और सभी कन्याओं को मुक्त कर सम्मानपूर्वक उन्हें संरक्षण दिया। इस प्रसंग के माध्यम से बताया गया कि अत्याचार और अधर्म का अंत निश्चित है। कथा में यह भी बताया गया कि अर्जुन और भीम ब्राह्मण वेश में जाकर जरासंध से युद्ध की भिक्षा मांगते हैं, जिसके बाद भीम और जरासंध के बीच भीषण युद्ध होता है और अंततः भीम द्वारा जरासंध का वध किया जाता है। यह प्रसंग साहस और धर्म की विजय का प्रतीक है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बचपन के मित्र सुदामा का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान ने सुदामा की गरीबी दूर कर सच्ची मित्रता और करुणा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस प्रसंग से यह संदेश दिया गया कि सच्ची भक्ति और निस्वार्थ प्रेम से भगवान की कृपा अवश्य मिलती है। कथा के दौरान राजा परीक्षित के मोक्ष और तक्षक नाग द्वारा डसे जाने की कथा का भी वर्णन किया गया। इसके बाद उनके पुत्र जन्मेजय द्वारा किए गए सर्प यज्ञ और उसे बृहस्पति एवं आस्तिक मुनि द्वारा रोके जाने का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें क्रोध और प्रतिशोध से बचने की सीख दी गई। कथा के अंत में पंडित शास्त्री ने कहा कि भगवान के नाम का स्मरण ही मनुष्य के जीवन को सफल बनाता है। नाम की महिमा ही मनुष्य को मोक्ष के मार्ग पर ले जाती है। इस अवसर पर जुझार, मुड़ारी, रंजरा, मैली, हलगज, बांदकपुर सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का श्रवण कर धर्म और भक्ति का संदेश ग्रहण किया।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उपकरण वितरित किये



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जनपद शिक्षा केंद्र दमोह में विकासखंड अंतर्गत विभिन्न शालाओं में चिन्हित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शासन निर्देशानुसार उपकरण वितरित करने एक शिविर का आयोजन बी आर सी कार्यालय में किया गया जहाँ पूर्व में चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद उपकरण हेतु कुल चिन्हित बच्चों को आमंत्रित कर उन्हें दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमति प्रीति सिंह ने उनकी जरूरतों के उपकरण जैसे कान की मशीन व्हील चेयर एवं टीचिंग मटेरियल प्रदान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बी आर सी ललित कुमार रैकवार ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार पुनर्वास विशेषज्ञ अमर बहादुर सिंह आडियोलॉजिस्ट कृष्णा गुप्ता आर्टिफिशियल पार्ट फिटिंग हेतु नियुक्त सार्थक शर्मा ने शिविर में उपस्थित बच्चों को उनकी सामग्री के उपयोग के तरीके बताये। एम आर सी श्रीमती गीता गुप्ता रूपनारायण तिवारी श्रीराम सेन ने बताया कि इस शिविर में शासन से अनुबंधित एलिमको कम्पनी जो दिव्यांगों के लिए उपकरण तैयार करती है के द्वारा चिन्हित बच्चों को आज शिविर के माध्यम से ट्राई सायकिल केलिपर्स व्हील चेयर एवं कान की मशीन प्रदान की गयीं।

शिविर में बी ए सी सत्यनारायण तिवारी, शिवराज चौधरी, नवनीत स्वामी, श्रीमती दीपमाला जैन, श्रीमति स्वेता जैन, श्रीमति निधि ठाकुर, रघुवर तिवारी, जनशिक्षक राममिलन उपाध्याय, राकेश उपाध्याय, नरेन्द्र राय, किशोर कुमार दुबे, मिथिलेश कुमार दुवे, नरेन्द्र राय, श्याम नारायण शर्मा, खिलान सिंह, वीरेंद्र कुमार चौबे, राजेंद्र चौरसिया, कोमल चौरसिया शरद गुप्ता, चंद्रभान पटैल की उपस्थिति रही एवं विपिन कुमार चौबे ने कार्यक्रम का संचालन किया की उपस्थिति रही।

# वित्तीय समावेशन शिविर में मृतक के भाई को मिला 2 लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

मुख्य बाजार क्षेत्र में बुधवार को इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, दमोह शाखा द्वारा वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मृतक के भाई को 2लाख का चेक प्रदान किया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों एवं दुकानदारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY), मर्चेंट UPI QR, बचत योजनाओं, साइबर सुरक्षा तथा डिजिटल फ्रॉड से बचाव से संबंधित जानकारी शाखा प्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाल द्वारा दी गई। उन्होंने आगे कहा कि मृत्यु की भरपाई पैसे से नहीं की जा सकती इससे परिवार की क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती लेकिन सरकार से उसके बेसहारा परिवार के आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए बीमा योजना चलाई है जिससे परिवार के मुखिया के ना रहने पर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस अवसर पर हरिराम पटेल को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपये की क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया। उनके भाई स्व. शिवराम पटेल का कुछ समय पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। उनका नामांकन वित्तीय समावेशन शिविर के दौरान PMJJBY योजना में किया गया था, जिसके उपरांत उनकी मृत्यु के पश्चात योजना की क्लेम राशि उनके भाई को सौंपी गई। शिविर में बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें 499 रुपये वार्षिक प्रीमियम में 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, जिसमें दुर्घटना से मृत्यु अथवा स्थायी विकलांगता की स्थिति में 10 लाख रुपये तथा दुर्घटना के इलाज के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त 1399 रुपये वार्षिक प्रीमियम में 2.5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा की सुविधा भी उपलब्ध है। दुकानदारों के लिए निःशुल्क UPI मर्चेंट QR तथा कम ब्याज दर पर डिजिटल व्यापार ऋण की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए नागरिक अपने नजदीकी डाकघर या IPPB कियोस्क सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं। शिविर में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक प्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाल, डाक विभाग के भोलेराम चक्रवर्ती, अभिषेक पटेल, IPPB कियोस्क संचालक रवि चौरसिया, राज वर्मा, महाराज सिंह ठाकुर, वीरेंद्र दुबे सहित अनके लोग मौजूद रहे।



# होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** शहर के नेहरू पार्क में असाटी महिला समिति दमोह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मां सरस्वती के समक्ष विधि विधान से पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन किया गया। साथ ही कार्यक्रम की श्रृंखला में सभी बहनों का टीका लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया, इसके पश्चात महिला दिवस, होली स्पेशल गेम्स आयोजित किए गए। जिसमें सभी बहनों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, इस गेम के विजेता प्रियंका असाटी, त्रिशला असाटी, अर्चना असाटी, मनीषा असाटी, ममता असाटी, मालती असाटी रही, सभी बहनों ने मिलजुल खूब मस्ती की एवं एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई शुभकामनाएं दी। असाटी महिला समिति द्वारा सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया,इस दौरान कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर असाटी समाज के सभी बहनों की उपस्थित रही।

## लापरवाही या बदकिस्मती? टीकाकरण के बाद डेढ़ माह के मासूम ने तोड़ा दम, परिजनों का फूटा गुस्सा

**पन्ना।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ खुशियाँ मातम में बदल गईं। एक डेढ़ माह के मासूम को सुरक्षा का 'टीका' क्या लगा, उसकी जिंदगी की लौ ही बुझ गई। आंगनवाड़ी केंद्र में टीकाकरण के कुछ ही देर बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ी और अस्पताल पहुँचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत के बाद बदहवास माँ-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का सीधा आरोप है कि एएनएम ने लापरवाही बरतते हुए बच्चे को एक साथ तीन इंजेक्शन लगा दिए, जिसे नन्हा शरीर बर्दाश्त नहीं कर सका। जहाँ स्वास्थ्य विभाग के दावों पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस बात से हैरान हैं कि स्वस्थ बच्चा अचानक मौत की आगोश में कैसे सो गया। सीएमएचओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। अब सवाल यह है कि क्या यह वाकई कोई तकनीकी चूक थी या स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही ने एक गोद सूनी कर दी? फिलहाल, पुलिस और प्रशासन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार कर रहे हैं ताकि इस मासूम की मौत का असली सच सामने आ सके। वही आज बुधवार 11 मार्च दोपहर करीब 2 बजे बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डॉ. श्री तिवारी सीएमएचओ पन्ना जिला चिकित्सालय से बात की गई तो बच्चे का रूटीन टीका जो लगता है वही लगाया गया बच्चे की उम्र ढेड वर्ष थी पर बच्चे की डेथ होने के बाद पीएम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ सामने आयेगा। वहीं जो कमेटी रहती है उसके माध्यम से भी जांच कराई जायेगी। इस तरह से जहां एक नौनिहाल षिषु जिसकी उम्र डेढ़ वर्ष थी टीकाकरण के दौरान डेथ हो जाना अपने आप में चर्चा का विषय जरूर है।

# स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद बैठक का हुआ आयोजन

**दमोह।** जयपुर में आयोजित स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद बैठक के अवसर पर संगठन की सक्रिय कार्यकर्ता डॉ. सोनल राय को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपते हुए। प्रांतीय महिला कार्य प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह कार्यक्रम जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री, राजस्थान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय संयोजक आर. सुंदरम ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय संगठनकर्ता कश्मीरी लाल ने स्वदेशी विचार की वर्तमान समय में आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. सोनल राय को नई जिम्मेदारी प्रदान करते हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में महिला कार्यों को नई दिशा, गति और मजबूती प्राप्त होगी। कार्यक्रम में स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं उद्यमी सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व डॉ. सोनल राय संगठन में प्रांत महिला सह प्रमुख के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही थीं। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी निरंतर सक्रियता, स्वदेशी विचार के प्रति प्रतिबद्धता, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने की क्षमता तथा समाज में स्वदेशी और स्वावलंबन की भावना को मजबूत करने के लिए किए गए उनके प्रयासों को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ. सोनल राय लंबे समय से सामाजिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों से जुड़ी रही हैं। उन्होंने विभिन्न मंचों के माध्यम से महिलाओं को स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर बनने तथा स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है। संगठन को आशा है कि उनके नेतृत्व में महिला शक्ति का व्यापक संगठन होगा और स्वदेशी विचार को समाज के अधिकाधिक वर्गों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक महेंद्र सिंह मंगो, राजस्थान सरकार के मंत्री मदन दिलावर तथा जवाहर सिंह बेढम भी उपस्थित रहे। डॉ. सोनल राय को यह महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर सामाजिक, शैक्षणिक तथा संगठनात्मक क्षेत्र से जुड़े अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा विश्वास जताया है कि वे अपने दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# सिग्रामपुर में रोजगार मेले का आयोजन

## 79 युवाओं ने कराया पंजीयन, 53 को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर




मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में, ग्राम पंचायत सिग्रामपुर में एक दिवसीय भव्य रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया. इस पहल का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था. मेले में आस-पास के विभिन्न ग्रामों से युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 79 योग्य युवाओं ने मेले में अपना पंजीयन कराया। कुल 53 पंजीकृत युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर मिले, जिससे उनके भविष्य को नई दिशा मिली। शिव शक्ति बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुरः इस कंपनी में 12 युवाओं का चयन किया गया। यहां 13 युवाओं को नौकरी मिली। आरसेटी (RSETI), आरसेटी के माध्यम से 23 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में कई प्रमुख व्यक्तियों और संस्थाओं का सहयोग रहा. कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर , जिला प्रबंधक अरविंद चंदेल, ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा, वर्धमान यार्न से संतोष दुबे, शिवशक्ति बायोटेक से अनवर खान, और आरसेटी से देवेंद्र सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. ग्राम पंचायत ने भी इस आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस रोजगार मेले ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए आशा की एक नई किरण जगाई है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

## बिजली बिल बकाया पर सख्तीः 50 हजार बकाया पर 26 कनेक्शन काटे, अब कुर्की की तैयारी

**बनवार।** बिजली बिल बकाया को लेकर विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। बांदकपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत अधीक्षण अभियंता अमित कुमार चौहान और कार्यपालन अभियंता एम.एल. साहू के निर्देशन में बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ विशेष वसूली अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वितरण केंद्र में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता सपनेश धुर्वे की अगुवाई में टीम द्वारा गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर संपर्क कर उपभोक्ताओं से बकाया बिल जमा करने की अपील की जा रही है। इसके बावजूद बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। साथ ही जरूरत पड़ने पर ट्रांसफार्मर और गांव की सप्लाई बंद करने की भी चेतावनी दी गई है। इसी कड़ी में बुधवार को ग्राम टिकरी बुजुर्ग, बिल्थरा, आनू, बलारपुर और गुंजी में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बकाया बिल नहीं चुकाने पर कुल 26 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए, जिन पर करीब 50 हजार रुपये की बकाया राशि थी। कार्रवाई के दौरान आनू में 5, बलारपुर में 3, गुंजी में 8, बिल्थरा में 4 और टिकरी बुजुर्ग में 6 कनेक्शन काटे गए। कनिष्ठ अभियंता सपनेश धुर्वे ने बताया कि बकाया बिल वसूली का अभियान लगातार जारी रहेगा और अब कुर्की की कार्रवाई भी शुरू की जा रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने बकाया बिल का भुगतान कर दें, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय कार्रवाई से बचा जा सके। विद्युत विभाग के अनुसार बांदकपुर वितरण केंद्र क्षेत्र में करीब 9600 उपभोक्ताओं पर लगभग 3 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। इस अभियान में राजा पटेल, नारायण तिवारी, शेख अजीम, मोहन सिंह, बिरसन सिंह सहित विभागीय टीम के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।



## नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को बृजपुर पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देषानुसार बृजपुर पुलिस टीम द्वारा अपहरण कर दुश्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अपहृता को दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। मामले में फरियादिया द्वारा दिनांक 19.01.2026 को थाना बृजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मेरी 15 वर्शीय नाबालिग भांजी स्कूल जाने का कहकर घर से निकली थी, जो वापस नहीं लौटी। कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है । फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में अज्ञात आरोपी के विJ अपराध क्रमांक 11/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी बृजपुर उनि षक्ति प्रकाष पाण्डेय द्वारा मामले की जानकारी वरिश्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लिया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्षन में थाना स्तर पर एक विषेश पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को दस्तयाब (बरामद) किया गया। दस्तयाबी उपरान्त मामले की पीड़िति के कथन अनुसार पता चला कि मामले में एक व्यक्ति अपहृता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया था और अपहृता के साथ गलत काम (दुश्कर्म) की घटना को अंजाम दिया गया । पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक अपहृता के बताये अनुसार आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जिसके द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया । जिसे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेष से जिला जेल दाखिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक स्थगित

**दमोह।** आज 12 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तावित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक की आगामी तिथि पृथक से सूचित की जाएगी।

### जिला स्तरीय पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज

**दमोह।** भारत शासन की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) सीएससी की बैठक 18 दिसम्बर 2025 में पारित प्रस्ताव के अंतर्गत जिलों में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिले में स्थानीय पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने बताया कि यह जिला स्तरीय पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता 12 मार्च को प्रातः 11 बजे से इंडोर स्टेडियम, सिविल वार्ड, डॉ. राजीव पाण्डे हॉस्पिटल दमोह के सामने आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला समन्वयक वेद प्रकाश रैकवार (आरजीएसए), डीईओ गौरव सेन (आरजीएसए), भृत्य पारस शर्मा, रामदयाल सेन तथा बालकृष्ण कुमार सहित जिला पंचायत दमोह के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### गैस सिलेंडर की किल्लत होम डिलीवरी बंद

**पथरिया।** देश में होली के बाद पहले 60 रूपयें घरेलू गैस सिलेंडर पर बढ़े और उसके कुछ दिनों बाद अब घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत होने लगी है। कारण युद्ध बताया जा रहा है जिससे वितरक द्वारा पहले होम डिलीवरी सेवा बंद कर दी और ग्राहकों द्वारा पूछा तो बताया कि प्रतिदिन जितना सिलेंडर वितरण की जरूरत है उतना नही है। इसलिए होम डिलीवरी सेवा नही मिल पायेगी। जब तक पर्याप्त आपूर्ति नही होगी यही कारण है कि सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतार लग रही है।

### जहां बेटियां जन्म से लेकर आजीवन पूजी जाती हैं, ऐसा है अपना मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# मुख्यमंत्री ने की घोषणा: हटा को शिवकाशी बनाएंगे

- बेटियों और महिलाओं का कल्याण हमारी प्राथमिकता, सरकार उठा रही सभी कदम
- लाड़ली लक्ष्मी योजना से लिंगानुपात में हो रहा सुधार
- सरकार की योजनाएं हर कदम पर सहेली बनकर हैं महिलाओं के साथ
- हटा में 405.58 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन
- मुख्यमंत्री ने एचपीवी वैक्सीन का डोज लेने वाली आठ बेटियों को दिए प्रमाण पत्र
- हटा में बनेगा नया भवन, एमएलबी स्कूल में बनेगा ऑडिटोरियम, पटेरा में खुलेगा नया महाविद्यालय
- हटा के महाविद्यालय में अब कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन संकाय भी पढ़ाया जाएगा
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में की सहभागिता










हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जहां बेटियां जन्म से लेकर अंतिम पड़ाव तक पूजी जाती हैं, वह सिर्फ़ और सिर्फ़ अपना मध्यप्रदेश ही है। नारियां सदैव पूजनीय हैं। हम अपने देश को भी जननी मानकर भारत माता की जय कहकर पूजते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेटियों और महिलाओं के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार की योजनाएं महिलाओं के जीवन में हर कदम पर पक्की सहेली बनकर उनके साथ खड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों और महिलाओं के समग्र कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर सभी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को दमोह जिले की हटा विधानसभा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन सह शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना का बेहद अच्छा प्रभाव देखने को मिला है। इस योजना के कारण प्रदेश के लिंगानुपात में व्यापक सुधार हुआ है और बेटियों के प्रति समाज की सोच में भी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों की प्रगति और आशीर्वाद से ही प्रदेश में समृद्धि आ रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से दमोह जिले के लिए 405 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की लागत के 13 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें लगभग 232 करोड़ रूपए की लागत से हटा से गैसाबाद सिमरिया मार्ग (एसएच-55) के 73 किमी मार्ग के टू-लेन रोड के रूप में उन्नयन एवं चौड़ीकरण, 74 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से मडियादो से बर्धा किशनगढ़ सड़क निर्माण और 48 करोड़ 89 लाख रूपये की लागत से मड़ियादो से रजपुरा मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विरासत से विकास के मूल मंत्र के तहत प्रदेश में कई उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। पिछले साल इसी बुंदेलखंड क्षेत्र के वैश्विक पर्यटन स्थल खजुराहो में स्टेट कैबिनेट की मीटिंग कर सरकार ने 27 हजार 500 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में ही सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन का टीकाकरण शुरू हुआ है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपील करते हुए कहा कि अपनी पात्र बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं और दूसरे लोगों को भी ऐसा ही करने के लिए जागरूक करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है, इससे हमारी बेटियों का भविष्य आजीवन सुरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री ने एचपीवी वैक्सीन का डोज लेने वाली हटा की आठ बेटियों को मंच से प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना के जरिए बुंदेलखंड के हर खेत को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। खेतों में फसलें लहलहाएंगी, अब हटा से कोई रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा अब 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इसमें 10 लाख हेक्टेयर रकबा तो पिछले दो साल में ही बढ़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे। महिलाओं की खुशहाली में ही प्रदेश की खुशहाली है। उन्होंने कहा कि हमने दो दिन पहले महिला दिवस मनाया है। अब आगे नवरात्रि आ रही है। राज्य सरकार नारी कल्याण के लिए समर्पित है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को हर माह सम्मानपूर्वक 1500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लोकसभा और विधानसभा में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। राज्य में नगरीय निकायों में यह आरक्षण 50 प्रतिशत तक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हटा विधायिका श्रीमती उमादेवी खटीक को जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे हटावासियों की दीर्घकाल तक सेवा करती रहें।

### मुख्यमंत्री ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हटावासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए हटा का नाम बदलकर इसे शिवकाशी नाम देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हटा श्री श्री 1008 देवश्री गौरीशंकर की नगरी है, इसलिए अब इसे शिवकाशी के रूप में ही जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने हटावासियों को और भी कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हटा में नवीन आईटीआई भवन बनाया जाएगा। हटा में सर्वसुविधायुक्त नया नगर पालिका भवन एवं भव्य गीता भवन भी निर्मित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में बड़ा स्कोप है, इसलिए हटा के महाविद्यालय में अब कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन संकाय/विषय भी पढ़ाये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विनती-मड़ियादौ-चौरईया मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाएगा। हटा के शासकीय पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में इंडोर ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पटेरा में नया महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा करते हुए कहा कि मड़ियादो एवं देवरी फतेहपुर में नया हायर सेकेण्डरी भवन बनाया जाएगा। इसी प्रकार नगर परिषद तेंदूखेड़ा में तारादेही तिराहे से चौरई तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। नगर परिषद तेंदूखेड़ा में वार्ड क्रमांक 3 में सी.सी. रोड निर्माण कराया जाएगा। गहरा से चौपरा-सिमरी तक मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दमोह जिले में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा।

### गौरीशंकर मन्दिर में किया पूजा-अर्चना

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हटा में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में शामिल होने हटा पँहुचे, बीटीआई मैदान हेलीपैड पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आत्मीय स्वागत प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग कल्याण के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, हटा विधायक उमा देवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। हेलीकाप्टर से मुख्यमंत्री जी के साथ उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं दमोह जिले के प्रभारी मंत्री श्री इंदर सिंह परमार हटा पहुँचे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गौरीशंकर मन्दिर पँहुचे। यहाँ दुल्हावेश धारी भगवान भोलेनाथ जी के दर्शन-पूजन के बाद, परिसर में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल जाने के दौरान जगह-जगह हटावासियों ने मुख्यमंत्री जी का आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन किया।

हटा विधायिका श्रीमती उमादेवी खटीक ने स्वागत संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज पहली बार हटा विधानसभा क्षेत्र आए हैं। साथ में 405 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगातें भी लाये हैं। उन्होंने कहा कि नारी पूरे समाज के विकास की प्रमुख आधारशिला होती है। आज हमारी महिलाएं शिक्षा, सेना और हर क्षेत्र में देश को गौरव दिला रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मजबूती से काम हो रहा है। प्रदेश में हर बेटी का सम्मान और हर महिला को रोजगार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आज दमोह जिले के लिए अनेक विकास कार्यों का भूमि-पूजन पूरा हुआ है। इससे इस क्षेत्र के विकास को नए पंख लगेंगे।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं दमोह जिले के प्रभारी मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, हटा विधायक उमादेवी खटीक, पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया, राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, पूर्व विधायिका श्रीमती सोना अहिरवार, पूर्व विधायक हटा पीएल तंतुवाय, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, हटा जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल, लालचंद खटीक, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें, श्रीमती मीनाक्षी रीतेश अग्रवाल, रणधीर दाहिया, गोपाल पटेल, अनुराग वर्धन सिंह हजारी सहित गणमान्य नागरिक, मीडियाजन, हटा और अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शांति धारा में निहित होती है विश्व कल्याण एवं शांति की भावना- मुनि श्री पदम सागर जी

### मुनि संघ के सानिध्य में श्री ऋषवदेव जन्म कल्याणक पर शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





अनेक प्राचीन ग्रंथो में भगवान की शांति धारा का उल्लेख मिलता है शांति धारा से कुष्ठ जैसे असाध्य रोगो के निवारण के साथ कार्यों में आने वाली विध्न बाधाए दूर होने के साथ समस्त जगत के प्राणियों का भी कल्याण होता है। ईरान अमेरिका युद्ध के चलते आज सारे विश्व पर युद्ध संकट के बादल मंडरा रहे है। इसका असर हमारे देश भारत पर भी पड़ने लगा है। सारे विश्व में शांति का माहौल बने युद्ध की विभीषिका से प्राणियों का किसी प्रकार का नुकसान ना हो इन्ही मंगल भावनाओं के साथ देश के सभी जैन मंदिरो में होने वाली शांति धारा के दौरान विश्व शांति की भावना भायी जा रही ळें यह उदगार आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ने श्री आदिनाथ जयंती की पूर्व बेला में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर में व्यक्त किये। मुनि श्री ने अष्टानिका पर्व में मैना सुंदरी द्वारा सिध्द चक्र महामंडल विधान रचाकर अपने पति श्रीपाल सहित सैकड़ों लोगों के कुष्ठ रोग को दूर करने के वृतांत को सुनाते हुए कहा कि पिछले जन्म में राजा श्रीपाल द्वारा दिगंबर मुद्रा धारी मुनि राज की निंदा करते हुए अपने साथियों के साथ हंसी उड़ाई गई थी। जिसके फल स्वरुप उसे अगले जन्म में कोड़ी की काया मिली। मुनि श्री ने कहा कि मुनि निंदा का फल अगले जन्म में क्या इसी जन्म में , अनेक बार तो तत्काल भी देखने को मिले है। इसको लेकर मुनि श्री ने चंदेरी समाज के एक पदाधिकारी का एक उदाहरण भी दिया। मुनिश्री ने बिना साधु बने ही श्रावकों को आत्म कल्याण का मार्ग बताते हुए कहा कि सभी तीर्थंकरों ने सोलह कारण भावनाओ आत्म कल्याण करके मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया है। हम सभी भी 16 कारण भावना भाकर ऐसा कर सकते हैं। यदि आप 16 कारण भावना नहीं भी भा सकते तो सभी के कल्याण की भावना भाकर अपना कल्याण कर सकते हैं। मुनि श्री ने युग दृष्टा प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव ऋषभदेव आदिनाथ भगवान के जन्म से जुड़े वृतांत सुनाते हुए सभी को अपना मंगल आशीर्वाद दिया।

### विधान सफलता हेतु मुनि संघ का आभार जताया

इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा मुनि श्री पदम् सागर जी के साथ छुलल्क श्री तात्पर्य सागर महाराज के समक्ष श्री फल भेंट करके पिछले दिनों आयोजित श्री अरहंत चक्र समवशरण महामंडल विधान के सादर संपन्न होने पर हृदय से आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित की। साथ ही भगवान श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में मुनि संघ के सानिध्य एवं आशीर्वाद हेतु त्रय बार नमोस्तु निवेदन करते हुए जल्द ही आचार्य श्री समय सागर जी का आशीर्वाद लेने मुक्तागिरी क्षेत्र जाने की बात कही। इस दौरान ब्रह्मचारी मोनू भैया एवं ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया, पंडित सुरेश शास्त्री, मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला, महामंत्री राजकुमार रानू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बजाज, संतोष अविनाशी, चक्रेश सराफ, राजेन्द्र अटल, जितेंद्र जैन, पंकज मुंशी, आनन्द लैब, संजय सराफ, जीतू मलैया सहित शहर बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

### श्री आदिनाथ जन्म कल्याणक पर शोभायात्रा आज

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक चैत्र कृष्णा नवमी स्पर्श 12 मार्च 2026 को है। इस अवसर पर बहुत ही हर्ष उल्लास से सभी जैन मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं । परम पूज्य मुनि श्री पद्मसागर जी एवं क्षुल्लक श्री १०५ तात्पर्य सागर जी के परम सानिध्य में आदिनाथ जयंती पर गुरुवार सुबह भव्य शोभायात्रा का आयोजन सुबह 7 बजे से किया गया है। श्री जी की शोभा यात्रा सिटी नल से प्रारंभ होकर पुराना थाना घंटाघर नया बाजार पलंदी मंदिर चौधरी मंदिर बड़ा मंदिर होकर सिटी नल पहुंचकर संपन्न होगी। तत्पश्चात 8 बजे श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा तथा भक्तांबर महामंडल विधान एवं परम पूज्य मुनि श्री जी के प्रवचन नन्हे मंदिर जी से संपन्न होंगे। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर एवं श्री सिंघई मंदिर समिति ने सकल जैन समाज से सभी आयोजनों में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# माइसेम सीमेंट ने लगाया नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर



**नरसिंहगढ़।** माइसेम सीमेंट लिमिटेड यूनिट नरसिंहगढ़ दमोह के औद्योगिक सामाजिक दायित्व अंतर्गत संचालित एकिकृत पशु उत्थान कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम जगथर में पशु स्वास्थ्य एवं बाझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पशुचिकित्सक विषेषज्ञ द्वारा 313 पशुओं का उपचार कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। साथ ही पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक धुर्वे एवंAVFO प्रिंस कुमार की देख रेख में पशुओं में होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों जैसे बांझपन, कृत्रिम गर्भाधान डायरिया,इत्यादि निराकरण किया गया। इस शिविर में 313 पशुओं का उपचार किया गया जिसमें गाय, भैस एवं186 बकरियाँ शामिल है एवं 4 पशु का बाझपन दूर करने के लिए उपाय किया गया, शिविर में उपस्थित सभी किसान भाइयों को उनत्त पशु प्रबंधन की जानकारी दी गई। बाएफ संस्था के ए.पी.ओ. गौतम प्रसाद यादव एवं ग्राम के सरपंच कुंदन अहिरवार, तुलसी राम विश्वकर्मा, भोपाल सिंह जानकी प्रसाद विश्वकर्मा, एवं ग्राम के पशुपालको की उपस्थिति रहे।

## रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई(एक एवं दो) का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम ग्वारी में किया जा रहा है। आज प्रथम दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयंसेवको के दल को स्पेशल बस द्वारा महाविद्यालय के डायरेक्टर डा. सुशील गुप्ता एवं प्राचार्या डा. मंजीत कौर साहनी द्वारा हरी झंडी दिखा कर ग्राम ग्वारी के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी वी.पी सिंह रहे । मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवंलन कर किया गया उसके बाद स्वंय सेवको द्वारा स्वांगत गीत प्रस्तुत किया गया और अपना परिचय दिया। अपने संबोधन में श्री सिंह द्वारा विधार्थियों को एनएसएस का वास्तविक अर्थ समझाते हुए युवाओं को अनुशासन और समर्पण के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था के कोर्डिनेटरो में गुप्ता द्वारा आगामी 7 दिवसीय शिविर के लिये स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया। शिविर के पहले दिन स्वंयसेवको ने गौशाला की सफाई एवं वहा संचालित वर्मी कंपोस्ट खाद निर्माण के कार्य का निरिक्षण एवं निर्माण कार्य किया। उन्होंने ग्रामीणों को साफसफाई के प्रति जागरूक किया। इसी प्रकार के जागरूकता के कार्यक्रम आगामी छह दिनो तक किए जाएगे। इकाई एक (पुरूष इकाई) के कार्यक्रम अधिकारी संजय विश्वकर्मा एवं शरद नामदेव एवं इकाई दो से (महिला इकाई) प्रतिभा रैकवार एवं रोहणी शर्मा की उपस्तिथिरही ।

## शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हटा।** हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन कार्यक्रम में पधारे मुख्यमंत्री मोहन यादव को शिक्षक संगठनों द्वारा अपनी मुख्य दो सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा। जिसमें उल्लेख कर निवेदन किया गया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्ति हेतु माननीय सर्वोच्च्य न्यायालय में म प्र शासन द्वारा रिव्यू प्रिटीशन लगाई जावे। अध्यापक संवर्ग से वर्ष 2018 में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त सभी शिक्षकों की उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान की जावे। ज्ञापन देने वालों में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजेंद्र सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर प्यासी निमिराज सिंह जिला महामंत्री प्रीतम गोस्वामी सहित आजाक संघ के जिला अध्यक्ष मुरारी लाल अहिरवार, राकेश अहिरवार, गणेश अहिरवार एवं दरवारी लाल के अलावा मुकेश सराफ, देवेंद्र यादव, सुनील सोनी रवींद्र सिंह आजाद संघ प्रतिनिधि मंडल मौजूद रहा।